## देसी घी का खेल उजागर, जांच में फेल दोनों ब्रांड



**▶ मदर बेस्ट और यूपी फ्रेश के सभी नमूने फेल, 6.30 लाख का घी नष्ट करने की तैयारी**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की कार्रवाई में जब्त किए गए देसी घी के नमूने जांच में फेल पाए गए हैं। मदर बेस्ट और यूपी फ्रेश ब्रांड के सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में अमानक घोषित किए गए हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश गुप्ता ने बताया कि 27 फरवरी को विभागीय टीम ने ग्लोबस सिटी स्थित महाकाल ट्रेडर्स पर छापा मारकर कार्रवाई की थी। मौके पर सस्ते दर पर घी की बिक्री होते पाए जाने पर संदेह के आधार पर नमूने लिए गए थे।

जांच के दौरान फर्म संचालक द्वारा घी मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) की फर्मों से लगभग 310 रुपए प्रति लीटर की दर से खरीदना बताया गया। मौके पर यूपी फ्रेश ब्रांड के घी पर खाद्य पदार्थ का नाम स्पष्ट रूप से अंकित नहीं पाया गया।

**▶ टीम ने किया सीलबंद**

राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से अमानक रिपोर्ट मिलने के बाद अब विभाग कार्रवाई में जुट गया हैं। रिपोर्ट के आधार पर अब खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत जब्त घी के विनष्टीकरण (नष्ट करने) की कार्रवाई की तैयारी का जा रही हैं।

कार्रवाई के दौरान मदर बेस्ट प्राइम क्वालिटी, गाय का घी और यूपी फ्रेश ब्रांड के कुल 9 नमूने संग्रहित किए गए थे। साथ ही करीब 1600 लीटर घी, जिसकी अनुमानित कीमत 6 लाख 30 हजार 818 रुपए है, जब्त कर सीलबंद किया गया था। इन सभी नमूनों को जांच के लिए भोपाल स्थित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था, जहां से प्राप्त रिपोर्ट में सभी नमूने अमानक और फेल पाए गए। रिपोर्ट के आधार पर अब खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत जब्त घी के विनष्टीकरण (नष्ट करने) की कार्रवाई की जाएगी।

## टैक्स बढ़ोतरी, भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल

**▶ सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता, नगर निगम का घेराव कर सौंपा ज्ञापन**




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सोमवार को भ्रष्टाचार और टैक्स बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस ने जोरदार जन आक्रोश रैली निकाली। शहर सराय स्थित शहीद चौक से शुरू हुई रैली प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर निगम पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आमजन झंडे-बैनर लेकर शामिल हुए। शहर सराय, सुभाष मार्ग, रानीजी का मंदिर, धानमंडी, गणेश देवरी, डालू मोदी बाजार, नाहरपुरा और कॉलेज रोड से गुजरते हुए रैली नगर निगम पहुंची। इस दौरान 'भ्रष्टाचार मुर्दाबाद' और 'निगम प्रशासन मुर्दाबाद' के नारों से माहौल गूंज उठा।



सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने नगर निगम में कथित भ्रष्टाचार, टैक्स वृद्धि और जनसमस्याओं को लेकर तीखा विरोध जताया। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा सहित कई नेताओं ने अपने विचार रखे। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम नगर निगम आयुक्त अनिल भाना को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भ्रष्टाचार, अवैध वसूली, सीवरेज, सड़क निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, संपत्तिकर, तालाब सफाई और जमीन आवंटन में अनियमितताओं के आरोप लगाए गए। साथ ही छोटे व्यापारियों पर लाइसेंस शुल्क में 10 से 30 गुना वृद्धि को जनविरोधी बताया गया। कांग्रेस नेताओं ने इन मामलों की उच्च स्तरीय जांच आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो से कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन और उग्र किया जाएगा। निगमायुक्त अनिल भाना ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामलों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**▶ आज साधारण बजट**

नगर निगम का साधारण सम्मेलन 7 अप्रैल मंगलवार को सुबह 11 बजे निगम सभागृह में आयोजित होगा। बैठक में वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत कर उस पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में शहर की विभिन्न सड़कों और स्थानों के नामकरण से जुड़े प्रस्तावों पर भी विचार किया जाएगा। साथ ही निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स सहित अन्य स्थानों के नामकरण पर निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा लीज और रजिस्ट्री से जुड़े प्रस्तावों, लाइसेंस शुल्क वृद्धि तथा नगर सुधार न्यास की योजनाओं के अंतर्गत भूखंडों की लीज बढ़ाने के मुद्दों पर भी चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

### एक नजर में

## जिले में बीते चौबीस घंटों में पांच अलग-अलग घटनाओं में पांच लोगों की मौत

**रतलाम।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों के दौरान दुखद घटनाओं का सिलसिला जारी रहा। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, डूबने, जहर खाने, फांसी लगाने और ट्रेन की चपेट में आने से कुल पांच लोगों की जान चली गई है। पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मासूम की तालाब में डूबने से मौत: रावटी थाना क्षेत्र के ग्राम मलवासी में एक हृदयविदारक घटना घटी, जहाँ 7 वर्षीय बालिका खुशी की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई। घटना रविवार शाम करीब 4:30 बजे की बताई जा रही है। युवती और अज्ञात व्यक्ति ने की आत्महत्या: औद्योगिक क्षेत्र रतलाम थाना अंतर्गत दो अलग-अलग फांसी के मामले सामने आए हैं। 18 वर्षीय हर्षिता ने अपने घर में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। वहीं, बंजली के पास एक खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव फंदे पर लटका मिला, जिसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है।

## नागर ब्राह्मण परिषद का वार्षिक मिलन समारोह

**रतलाम।** नागर ब्राह्मण परिषद शाखा रतलाम के तत्वावधान में आयोजित 'मिलन समारोह' श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ हुआ। इस गरिमामय आयोजन में समाज के वरिष्ठ जनों, मातृशक्ति और युवा वर्ग ने बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सामाजिक एकता का परिचय दिया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ परिषद के अध्यक्ष पंडित जितेंद्र रावल एवं महिला अध्यक्ष मीनाक्षी राजेंद्र रावल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक सत्र का प्रारंभ नन्ही वैभवी द्वारा प्रस्तुत 'गणेश वंदना' से हुआ, जिसके पश्चात सुभद्रा मेहता ने 'सरस्वती वंदना' प्रस्तुत की। सामाजिक विकास की दिशा में कदम बढ़ाते हुए परिषद अध्यक्ष संजय दवे एवं पंडित जितेंद्र रावल ने समाज का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया और आगामी योजनाओं की रूपरेखा साझा की। समारोह में आयुषी दवे, देविका जोशी, श्रद्धा त्रिवेदी और साक्षी मेहता ने भगवान शिव की महिमा में अत्यंत मनोहारी 'शिव स्तुति' नृत्य प्रस्तुत किया। अमिता मेहता, अलका मेहता, रानू मेहता, नीतू मेहता, भावना दवे और अर्चना मेहता ने पारंपरिक मालवी लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। सोना एवं हरीश मेहता ने युगल गीतों से श्रोताओं को आनंदित किया।समाज की मातृशक्ति और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु सम्मान सत्र आयोजित किया गया। वरिष्ठ समाजसेविका कमला देवी रावल ने विद्या देवी जोशी, हेमा देवी रावल एवं हेमा व्यास को शाल एवं पुष्पहार भेंट कर 'स्वयं सिद्धा' के रूप में सम्मानित किया। सुश्री श्वेता नागर को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए महिला कार्यकारिणी द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही, समाज की सभी वरिष्ठ माताओं का भी अभिनंदन किया गया। संचालन पूनम व्यास ने किया। संदीप जोशी ने आभार माना।

## जावरा विधानसभा को शिक्षा के क्षेत्र में साढ़े पांच करोड़ से अधिक की मिली स्वीकृति

**जावरा।** जावरा विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर सुविधाओं का विस्तार होता जा रहा है। विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रयासों से साढे पांच करोड से अधिक की स्वीकृति मिली है। क्षेत्र में एक छात्रावास व एक विद्यालय भवन की सौगात मिलने पर क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। उल्लेखनीय है कि विधायक डॉ पांडेय द्वारा जावरा विधानसभा क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थाओं को सुविधा सम्पन्न बनाने के उद्देश्य से विगत वर्षों से प्रयास किये जा रहे है। इसी कडी में अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के भवनविहीन होने पर डॉ पांडेय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व मंत्री नागरसिंह चौहान को अवगत कराया। इसके अलावा जनजातीय क्षेत्र के नवीन छात्रावास की स्वीकृति का भी आग्रह किया है।जानकारी के अनुसार विधायक डॉ पांडेय के आग्रह को स्वीकार करते हुए अनुसूचित जाति कल्याण विभाग ने 50 सीटर जूनियर बालक छात्रावास पिपलौदा के लिए नवीन भवन की स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह स्वीकृति लगभग 5 करोड रु की है। अन्य भवन में लंबे समय से संचालित हो रहे इस छात्रावास के लिए भवन स्वीकृत होने पर क्षेत्र में हर्ष है।इसी तरह विधायक डॉ पांडेय के प्रयास से जावरा विकासखण्ड के माध्यमिक विद्यालय रिंगनोद के लिए नवीन भवन की सौगात मिल गई है। यह भवन 51 लाख रु की लागत से निर्मित होगा। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व विधायक डॉ पांडेय के प्रयासों से महाविद्यालय पिपलौदा के लिए पहुँच मार्ग,बाउंड्रीवाल आदि कार्यो के लिए ढाई करोड एवं क्षेत्र के 18 विद्यालयों में फर्नीचर व अन्य सुविधाओं के लिए विधायक निधि से 8 लाख 22 हजार की राशि भी स्वीकृत की। जावरा विधानसभा क्षेत्र में शैक्षणिक सौगात मिलने पर भाजपा महामंत्री महेश सोनी, मंडल अध्यक्ष दिनेश पाटीदार, मांगीलाल सोलंकी के अलावा विनोद शर्मा, प्रफुल्ल जैन सहित विभिन्न पदाधिकारियो ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए विधायक डॉ पांडेय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भाजपा कार्यालय ईंट पत्थर का ढांचा नहीं, संगठन की आत्मा

**▶ 47 वें स्थापना दिवस पर समारोहपूर्वक हुआ नवीन भवन निर्माण का शुभारंभ**



**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस कार्यकर्ताओं ने उत्साह एवं उल्लास से मनाया। इस दिन घर-घर पार्टी का ध्वज फहराया गया। रतलाम सहित प्रदेश के 18 जिलों में नवीन कार्यालय निर्माण के कार्य का समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ।

रतलाम के प्रताप नगर क्षेत्र में कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, विधायकद्वय डॉ राजेन्द्र पांडेय व मथुरालाल डामर की उपस्थिति में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने यंत्र पूजा कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। इस दौरान जिला प्रभारी विवेक जोशी, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा सहित पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा के नवीन कार्यालय भवन निर्माण के शुभारंभ समारोह का भोपाल से सीधा प्रसारण भी किया गया। रतलाम में अतिथियों के साथ कार्यकर्ताओं ने भी यह प्रसारण देखा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित समस्त वक्ताओं का उद्बोधन सुना। उन्होंने भाजपा कार्यालय को ईंट पत्थर का ढांचा नहीं अपितु संगठन की आत्मा निरूपित किया। रतलाम में समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि सन 1980 में अभावों के बीच स्थापित भारतीय जनता पार्टी आज एक वट वृक्ष के रूप में विस्तारित होकर देश ही नहीं दुनिया में अपना परचम फहरा रही है। यह कार्यकर्ताओं की मेहनत, त्याग, सहनशीलता और समर्पण का परिणाम है। जावरा विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की स्थापना के समय अटलजी ने अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा के जो सूत्र दिए थे, वे आज चरितार्थ हो चुके हैं। ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर ने कहा कि भाजपा को पहले ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश नहीं मिलता था, लेकिन आज देश और दुनिया में उसी की चर्चा हो रही है। जिला प्रभारी विवेक जोशी,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महामंत्री जयवंत कोठारी, महामंत्री महेश सोनी, पूर्व जिलाध्यक्ष ईश्वरलाल पाटीदार, राजेन्द्र सिंह लुनेरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशा मौर्य, निमिष व्यास सहित भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्याकर्तागण उपस्थित रहे।

## 2 माह के शिशु का अपहरण : पुलिस ने कानपुर से बरामद कर आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रतलाम।** जिले के ताल थाना पुलिस ने दो महीने के शिशु के अपहरण के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। फरियादी राहुल, पिता प्रभूलाल नायक, निवासी ग्राम खेरजमुनिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी भाभी सीताबाई और उसका प्रेमी बलवंत पिता रामसिंह राजपूत ने उसके बेटे का अपहरण कर लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी की शिकायत पर ताल थाना में बीएनएस के तहत अपहरण का मामला पंजीकृत कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने साइबर सेल और अन्य सूत्रों से सूचना प्राप्त की। इसके बाद ताल पुलिस की टीम कानपुर रवाना हुई, जहाँ से अपहृत शिशु को आरोपी सीताबाई और बलवंत के कब्जे से बरामद कर लिया। इस मामले में मुख्य आरोपियों के साथ सहयोगी आरोपी सोनु पिता विजय कनारची को भी गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

**सराहनीय योगदान:** इस कार्यवाही में थाना ताल के निरीक्षक स्वराज डाबी, थाना प्रभारी, सउनि मदनसिंह डोडिया, आर. प्रीतम लौहार और साइबर सेल रतलाम के प्र. आर. मनमोहन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**गिरफ्तार आरोपी:** सीताबाई, पत्नी श्यामलाल नायक, ग्राम खैरजमुनिया। बलवंत, पिता रामसिंह राजपूत, ग्राम आक्याकला। सोनु, पिता विजय कनारची, ग्राम आक्याकला।

## भाजयुमो प्रदेश महामंत्री के रूप में जैन के प्रथम आगमन पर वाहन रैली निकाल करेंगे स्वागत

**रतलाम।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बनने के बाद विप्लव जैन 7 अप्रैल को रतलाम आएंगे। युवा मोर्चा में पहली बार रतलाम के युवा को प्रदेश स्तर पर इतना महत्वपूर्ण दायित्व मिलने से कार्यकर्ताओं में हर्ष है। वे वाहन रैली निकालकर युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री का जोरदार स्वागत करेंगे।

भाजयुमो प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन की वाहन रैली मंगलवार को शाम 4 बजे कालिका माता मंदिर परिसर से आरंभ होगी। रैली मेहंदीकुई बालाजी, नगर निगम चौराहा, कॉलेज रोड़, नाहरपुरा, डालुमोदी बाजार, माणकचौक, चौमुखीपुल, चांदनी चौक, तोपखाना, गणेश देवरी, धानमण्डी, शहीद चौक, लोकेन्द्र टॉकीज से होकर न्यू रोड़ स्थिति युवा मोर्चा कार्यालय पहुंचकर समाप्त होगी। भाजयुमो जिला, प्रदेश, मंडल के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक उपस्थित रहने का आव्हान किया है। प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन सोमवार को भोपाल में आयोजित भाजयुमो प्रदेश की नवनियुक्त कार्यकारिणी की परिचय बैठक में शामिल हुए और वरिष्ठ नेताओं का नियुक्ति के लिए आभार जताया। इसके बाद वे रतलाम के लिए रवाना हो गए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, मोर्चा प्रभारी मनोरंजन मिश्र आदि उपस्थित रहे।मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर आदि उपस्थित रहे।

## समीक्षा बैठक में सख्ती : समय पर काम नहीं तो लगेगा जुर्माना

**▶ कलेक्टर ऑफिस में समयावधि पत्रों की समीक्षा**



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल गंगा संवर्धन, सीएम हेल्पलाइन, जनकल्याण योजना, समयावधि पत्रों एवं अन्य विषयों पर विभाग वार समीक्षा कर विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत पदाभिहित अधिकारियों को प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समय सीमा से बाहर प्रकरणों पर नियमानुसार आर्थिक शास्ति अधिरोपित करने के निर्देश दिए गए।

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सभी कार्यालय प्रमुख जल संरचनाओं के निर्माण के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही करें। स्वच्छता अभियान चलाने तथा 'माँ की बगिया' अभियान के तहत पौधारोपण कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने और सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री जैन ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से स्वेच्छा से ज्ञानोदय अभियान में बच्चों के लिए सहयोग के लिए कहा।

बैठक में सीईओ सुश्री जैन ने बताया कि रतलाम जिले में शासकीय विद्यालयों के भौतिक एवं शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण नवाचार के रूप में 'ज्ञानोदय शाला उन्नयन अभियान' प्रारंभ किया गया है। अभियान अंतर्गत इच्छुक व्यक्ति, सामाजिक संगठन, औद्योगिक प्रतिष्ठान, स्वयंसेवी संस्थाएँ ,शासकीय अधिकारी/कर्मचारी तथा पूर्व छात्र विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए डेस्क प्रायोजित कर सकते हैं तथा कक्षाओं के उन्नयन, मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्यों में सहयोग प्रदान कर सकते हैं। अभियान के अंतर्गत प्राप्त सहयोग को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संबंधित विद्यालयों तक पहुँचाया जाएगा। दानदाताओं को उनके योगदान की जानकारी एवं उपयोग संबंधी विवरण भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उत्तरदायित्व एवं विश्वास की भावना को सुदृढ़ किया जा सके। इस जनहितकारी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएँ और अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग दे सकते है।

**एक नजर में ▶ किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ देने पहुंचा था ज्ञापन**

## जिम्मेदार नहीं मिले तो एसडीएम ऑफिस के बाहर धरने पर बैठे किसान



**▶ ज्ञापन के दौरान यह रहे मौजूद**

इस मोके पर भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष जगदीश आंजना, तहसील मंत्री गोपालसिंह लखमा खेड़ी , किशनसिंह सोलंकी खजूरिया, संजय राठौर, नेपालसिंह , विजेंद्रसिंह, पन्नालाल, ईश्वरलाल, बालेश्वर, राकेश मेहता, संतोष शर्मा, मनीष चौधरी, राजेंद्र, मांगीलाल चौधरीआदि किसान उपस्थित थे।

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** भारतीय किसान संघ किसानो की विभिन्न समस्याओं को लेकर जब एसडीएम कार्यालय में एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचा तो वहां कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिला। जिसके चलते किसान एसडीएम ऑफिस के बाहर धरने पर बैठ गए।

बताया जा रहा है कि कलेक्टर के आदेश पर एसडीएम सुनील जायसवाल आंगनवाड़ियों का निरीक्षण करने गए थे। धरने की सूचना मिलते ही वे दौड़े-दौड़े ऑफिस पहुंचे और किसानों से ज्ञापन लिया। भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाने पर किसानों में रोष व्याप्त है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। वही सहकारी बैंकों द्वारा 0 प्रतिशत ब्याज पर सेवा सहकारी संस्था की ड्यू डेट 28 मार्च के बाद नहीं बढ़ाए जाने पर किसानों को साल भर का 7 प्रतिशत ब्याज एवं 14 प्रतिशत दंड लग गया, इससे किसानों पर आर्थिक बोझ आ गया। क्योंकि सरकार ने गेहूँ खरीदी की तारीख 10 अप्रेल कर दी और सोसायटी मे पैसे जमा करने की तिथि 28 मार्च, ऐसे में करीब 60 प्रतिशत किसान डिफॉल्टर हो गए। पिछले वर्ष के डिफाल्टर किसानों को सरकार द्वारा ब्याज की राशि वापस करने का वादा किया था जो आज तक पूरा नहीं हुआ है। गेहूँ के खापे (पराली) जलाने पर किसानों पर एफआईआर करना गलत है। इससे तो यह प्रतीत होता है कि सरकार किसानों के प्रति कितनी गंभीर है किसानों के देशद्रोही जेसा व्यहवार किया जा रहा है। सरकार जब तक पराली के निष्पादन के लिए कोई स्थाई हल नहीं निकाले तब तक किसानों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाए।




## यश जैन को अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**जावरा।** लायंस क्लब के सक्रिय सदस्य एवं अधिवक्ता एमजेएफ लायन यश जैन को उनकी उत्कृष्ट सेवा, समर्पण एवं नेतृत्व क्षमता के लिए लायंस इंटरनेशनल द्वारा वर्ष 2025-2026 हेतु इंटरनेशनल प्रेसिडेंट सर्टिफिकेट ऑफ अप्रिसिएशन से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान लायंस इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एपी सिंह द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सदस्यों को प्रदान किया जाता है। डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस के दौरान आयोजित मल्टीपल अवॉर्ड इंटरव्यू में भी यश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी प्रश्नों के सटीक उत्तर दिए तथा डिस्ट्रिक्ट के सभी अध्यक्षों के बीच मल्टीपल अध्यक्षीय अवॉर्ड हेतु स्थान प्राप्त किया, जो लायंस क्लब जावरा के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। इसी कॉन्फ्रेंस में क्लब के अन्य सदस्यों को भी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया।